दिनांक : 26.06.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रमुख परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के दिए निर्देश।
- संविधान हत्या दिवस पर आज मुख्यमंत्री निवास में होगा प्रादेशिक लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन।
- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अगले साल से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार करेगा आयोजित।
- देश में आज मनाया जाएगा मादक पदार्थ और अवैध तस्करी रोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस।

पीएम-प्रगति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल सुशासन और समयबद्ध कार्यान्वयन पहल -प्रगति की 48वीं बैठक की अध्यक्षता की तथा खनन, रेलवे और जल संसाधन से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में परियोजना पूरी होने की समय सीमा, अंतर एजेंसी समन्वय और विभिन्न मुद्दों के समाधान पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया। श्री मोदी ने कहा कि परियोजना पूरी होने में विलंब से वित्तीय लागत बढ़ती है और नागरिकों तक आवश्यक सेवा और सुविधाओं की समय से पहुंच बाधित होती है।

प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन की समीक्षा के दौरान श्री मोदी ने सभी राज्यों से स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा तेजी से विकसित करने का आग्रह किया।

प्रादेशिक लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन

संविधान हत्या दिवस पर आज मुख्यमंत्री निवास में प्रादेशिक लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि भारत में 25 जून 1975 को लागू किए गए आपातकाल को लोकतांत्रिक इतिहास का काला दौर मानते हुए संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। राज्य में संविधान हत्या दिवस कार्यक्रमों के अंतर्गत विविध गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए हैं। इनमें भारत की लोकतांत्रिक परम्परा और इसके आयामों पर निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं और संगोष्ठियों का आयोजन भी शामिल है। इसके अलावा नई दिल्ली से प्रारंभ हो रही छह मशाल यात्राएं देश के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करेंगी। वहीँ, कल इंदौर में आपातकाल विभीषिका विषय पर संगोष्ठी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आपातकाल के विरुद्ध लड़ाई देश के लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई थी।

शिवराज बैठक

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज इंदौर में सोयाबीन उत्पादन को लेकर एक बैठक करेंगे। बैठक का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर में किया जाएगा। बैठक में मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के कृषि मंत्री सहित सोयाबीन उत्पादक प्रमुख राज्यों के अधिकारी, संबद्ध संस्थानों के पदाधिकारी, प्रगतिशील किसान व अन्य सभी हितधारक शामिल रहेंगे। बैठक से पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह सोयाबीन के खेत का दौरा कर वहां किसानों से संवाद करेंगे। उसके साथ ही फार्म रिसोर्स हब का शिलान्यास करेंगे।

सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर के पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय में देश के पहले सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यस्थता से न केवल मामलों का निपटारा होता है अपितु समाज में आपसी विश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता की सोच को मध्यप्रदेश सरकार गांवों तक ले जाने के प्रयास करेगी जिससे गांवों में भी परस्पर सौहार्द्र का माहौल बन सके।

म.प्र. उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति विवेक रूसिया ने बताया कि इंदौर में 22 मध्यस्थता केंद्रों में 27 विभिन्न सामाजिक समूहों के 125 मध्यस्थ के द्वारा 5000 से अधिक मामलों को सुलझाया गया।

दसवीं बोर्ड परीक्षा

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सी.बी.एस.ई ने घोषणा की अगले साल से दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं वर्ष में दो बार आयोजित होंगी। पेश है

नशीली दवाओं-अंतर्राष्ट्रीय दिवस

आज मादक पदार्थ और अवैध तस्करी रोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। यह दिवस मादक पदार्थ मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्रवाई और सहयोग मजबूत करने का आह्वान करता है। इस अवसर पर आज नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा मुख्य अतिथि होंगे। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जून तक 15 करोड़ 78 लाख से अधिक लोगों को जागरूक किया गया है।

इधर, प्रदेश में नशा मुक्त भारत अभियान का राज्यस्तरीय समापन समारोह आज सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा के मुख्य अतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। इसमें नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़े स्वयंसेवी संगठनो के प्रतिनिधि वालेंटियर और जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

अंतरिक्ष मिशन

भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ एक्सिओम-4 मिशन के लिये कैनेडी अंतरिक्ष केन्द्र से कल दोपहर 12 बजकर एक मिनट पर उडान भरी। तीन अप्रैल 1984 को राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि एक्सिओम 4 आज भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा। उधर,श्री शुक्ला ने अंतरिक्ष में पहुंचते ही देश के लिए पहला संदेश भेजा। उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत यात्रा है और तिरंगा गर्व से मेरे कंधे पर है।

अंडर-17 महिला कुश्ती

वियतनाम में भारतीय महिला कुश्ती टीम ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 10 पदकों के साथ चैंपियन ट्रॉफी हासिल की। चीन दूसरे और जापान तीसरे स्थान पर रहा। इससे पहले वियतनाम में अंडर-23 महिला एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भी भारतीय टीम ने असाधारण प्रदर्शन किया था।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कल इंदौर में 90 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण किया और 476 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।
- राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2024 में कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के असेसमेंट में दमोह जिले ने तीनों कक्षाओं में टॉप-5 जिलों में स्थान हासिल किया है ।
- मैहर में मौजूदा खरीफ वर्ष के लिए 288 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला कृषकों को उड़द बीज मिनीकिट का निःशुल्क वितरण किया गया।
- छतरपुर जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार द्वारा ग्राम उदयपुरा में आयोजित ई-पी एम एस एम ए शिविर का निरीक्षण किया गया।
- डिंडोरी जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में कल से स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- पन्ना में कल संविधान हत्या दिवस मनाया गया। इस मौके पर डाक्यूमेंट्री फ़िल्म आपातकाल दिखाई गयी और आपातकाल का दंश झेल चुके लोगों ने अपने उदगार व्यक्त किये।
- रायसेन के भोपाल मार्ग पर स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आपातकाल पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार एवं फोटो प्रदर्शनी लगाई गई।
- नर्मदापुरम जिले में जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत रसूलिया क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक फेफरताल तालाब पुनर्जीवित हो गया है।
- खण्डवा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओ पी जुगतावत ने बताया कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी।

- शिवपुरी जिले में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत आज 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई. में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- जबलपुर जिले में दो पहिया वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह को पकड़कर पुलिस ने उनके पास से करीब 12 लाख रुपए कीमत के 16 दो पहिया वाहन जब्त किए हैं।

-------